बाबा तेरे चरणों की गर धूल जो मिल जाए

बाबा तेरे चरणों की गर धूल जो मिल जाए,
सच कहता हूँ मेरी तकदीर बदल जाए,

राधे तेरी कृपा तो दिन रात बरसती है,
एक बूँद जो मिल जाए, मन की कलि खिल जाए,
श्यामा तेरे चरणों की गर धूल जो मिल जाए....

यह मन बड़ा चंचल है, कैसे तेरा भजन करूँ,
जितना इसे समझाऊं, उतना ही मचल जाए,
राधा तेरे चरणों की गर धूल जो मिल जाए....

नजरो से गिराना ना, चाहे जो भी सजा देना,
नजरो से जो घिर जाए, मुश्किल ही संभल पाए,
श्यामा तेरे चरणों की गर धूल जो मिल जाए....

राधे इस जीवन की बस एक तम्मना है,
तुम सामने हो मेरे, मेरा दम ही निकल जाए,
राधा तेरे चरणों की गर धूल जो मिल जाए....

श्यामा तेरे चरणों की गर धूल जो मिल जाए,
राधा तेरे चरणों की गर धूल जो मिल जाए ,

卐 ललित गेरा झज्जर 卐
(SLG Musician)
www.slgmusic.com@gmail.com

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21906/title/baba-tere-charno-ki-ghar-dhul-jo-mil-jaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |